घोटाला | चांवल घोटाला में बीजेपी जिलाध्यक्ष के भाई को पुलिस बचा रही हैं

चावल घोटाले में हो गिरफ्तारी नहीं तो कांग्रेस करेंगी उग्र आंदोलन

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने सर्किट हाउस बालाघाट में 30 जुलाई की दोपहर 1 बजे क़रीब प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार पर तंज कसा और उन्होंने कहा कि बालाघाट में चांवल घोटाला में बीजेपी जिलाध्यक्ष के भाई को पुलिस बचा रही हैं वहीं डबल मनी मामले में पूर्व विधायक रमेश भटेरे को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है विधानसभा सत्र में मानसून सत्र केवल तीन दिन में समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चावल घोटाला कांग्रेस द्वारा सड़क पर उग्र आंदोलन होंगा।

बालाघाट चांवल घोटाले मामले में हजारों करोड़ों की घोटाले में कई व्यापारी गिरफ्तार हुए हैं, अच्छी बात है कि फोर्टीफाइड चांवल घोटाले मामले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में कार्यवाही हुई लेकिन हर्ष राइस इंडस्ट्रीज का नाम आने पर 20 प्रतिशत हिस्सेदार विनोद शर्मा को गिरफ्तार किया गया है वहीं 80 प्रतिशत हिस्सेदार वाले पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई राज कुमार कावरे और भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया गया है यह लगता हैं कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गोंदिया के राइस मिल व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया लेकिन भाजपा जिला अध्यक्ष के भाई को गिरफ्तार नहीं किया गया हैं।

उन्होंने कहा कि चांवल घोटाला में अगर पुलिस राज कुमार कावरे और भतीजे को गिरफ्तार नहीं करती हैं तो कांग्रेस एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे और सदन में नहीं सुनी जाती हैं तो कांग्रेस सड़क पर उग्र आंदोलन होंगा। चावल घोटाले को लेकर विधायक ने कहा कि इस पूरे मामले को भाजपा प्रभावित कर रही है और सीट पर भरोसा नहीं रहा है अब सीट की जांच में अध्यक्ष पूर्व रिटायर्ड जज को बनाया जाए और सीबीआई के तहत निष्पक्ष रूप से जांच किया जाए, क्योंकि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के ट्रांसफर को लेकर बालाघाट के भाजपा के पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक बालाघाट से भोपाल पहुंचकर डेरा डाले हुए हैं वह चाहते हैं कि आदित्य मिश्रा यहां से ट्रांसफर हो जाए और पूरे चावल घटा लिखो हरपा दफा कर दे।

पीजी कॉलेज में मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज उपवन के तत्वावधान में सार्वभौमिक जीवन मूल्य जागृति अभियान के अंतर्गत मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस, व्यसन मुक्ति एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजऋषि चोपड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज एक वैश्विक आध्यात्मिक संस्था है, जो राजयोग ध्यान, मानवीय मूल्यों के विकास तथा विश्व शांति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराते हुए आत्म-जागरूकता और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी उर्वशी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं आत्मिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के विचार ही उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, इसलिए सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में माधुरी बेन दीदी ने जीवन मूल्यों एवं संस्कारों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजयोग और ध्यान के माध्यम से आत्म-जागरूकता बढ़ती है तथा व्यक्ति तनावमुक्त, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त करता है। महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ. योगेश विजयवार ने भी योग, ध्यान एवं जीवन मूल्यों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रचना कोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे, प्रो. चित्रमाला भीमटे, प्रो. सविता गेड़ाम सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे ने किया।

फोटोग्राफ्स देखते ही हाईकोर्ट ने दिये तत्काल निर्माण पर रोक के निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बुधवार को एक जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिये। दरअसल पूर्व आदेश पर नायब तहसीलदार ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि निर्माण रोक दिया गया है, लेकिन वहीं आवेदक की ओर से जियो मैप के जरिए ली गई फोटोग्राफ्स पेश किये गये। जिसें गंभीरता से लेते हुए एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने शासकीय अधिवक्ता को वस्तुस्थिति का पता लगाने कहा, स्थिति स्पष्ट होने के बाद न्यायालय ने दुकानों के निर्माण पर अंतरिम रोक लगा दी। साथ ही अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह जनहित याचिका सतना (अब मैहर जिला) के निवासी सुरेंद्र कुमार चौरसिया की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विशाल मौर्य व अधिवक्ता कनिष्क राज सिंह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत झिन्ना के सरपंच कोमल चंद्र चौरसिया की ओर से शासकीय जमीन पर पंचायत की दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है।

एक नजर में

पानी में डूबने से मृत व्यक्ति की पत्नी को 4 लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर

बालाघाट। बालाघाट तहसील के ग्राम भरवेली के निवासी बिसन ठवरे की 02 जून 2026 को कु के पानी में डुबने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गोपाल सोनी ने राजस्?व पुस्तक परिपत्र 06-04 के प्रावधानों के तहत उसकी वारिस पत्?नी रूखमा ठवरे को 04 लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की है। बालाघाट तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि कोषालय में देयक प्रस्तुत कर रूखमा ठवरे के बैंक खाते में ईपेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।

ट्रेन में चोरी करने वाले आरोपी को एक साल का सश्रम कारावास

जबलपुर। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मानसी अग्निहोत्री की अदालत ने ट्रेन में महिला यात्री का जेवरों से भरा पर्स चुराने वाले आरोपी शंकर जयसवाल को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास व पंद्रह सौ रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत को एडीपीओं कु. रंजीता भलावी ने बताया कि 21 जुलाई 2019 को फरियादी अनीता कुमारी महाराष्ट्र ट्रेन नंबर-12142 में अपने पिता के साथ बर्थ क्रमांक-47 व 55 में यात्रा कर रहीं थी। यात्रा के दौरान जबलपुर स्टेशन के पास अज्ञात आरोपी ने उनका लेडीज पर्स, जिसमें जेवरात कीमती करीब 53 हजार रुपये के थे, चोरी कर लिया था। जिसकी शिकायत जीआरपी इटारसी में की गई थी। जिसके बाद जीआरपी ने आरोपी शंकर जायसवाल को हिरासत में लिया था और उसके घर से चुराये हुए जेवर बरामद किये थे।

सीएम ने एसटीएफ वनरक्षक को किया सम्मानित

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) जबलपुर इकाई के वनरक्षक संदीप कुमार तौहेल को उत्कृष्ट वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), मध्यप्रदेश के अंतर्गत कार्यरत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स राज्य में वन्यप्राणी अपराधों की रोकथाम और अन्वेषण की शीर्ष संस्था है। पुलिस विभाग की एसटीएफ, एटीएस और सीआईडी की तर्ज पर काम करने वाली इस विशेष इकाई का कार्यक्षेत्र केवल संरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व व राष्ट्रीय उद्यान) तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में फैला हुआ है। एसटीएसएफ द्वारा वन्यजीवों की सुरक्षा और तस्करी के खिलाफ किए गए असाधारण प्रयासों को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) द्वारा भी 4 बार सम्मानित किया जा चुका है। इसी निरंतर उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए वनरक्षक तौहेल को उनके उच्च कोटि के अन्वेषण और समर्पण के लिए राज्य स्तर पर यह गौरवपूर्ण सम्मान प्रदान किया गया है।

अवैध कॉलोनियों पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल का बड़ा एक्शन

8 लोगों पर एफआईआर के निर्देश

नवभारत, बालाघाट। जिले में शासकीय भूमि पर अवैध प्लॉटिंग और कॉलोनी विकास के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने ग्राम गर्रा, तहसील लालबर्रा में अवैध कॉलोनियों के दो अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं।

23 जुलाई 2026 को पारित आदेश के अनुसार तहसीलदार लालबर्रा की जांच में सामने आया कि ग्राम गर्रा के विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि पर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना अवैध प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

जांच के दौरान कॉलोनी विकास से संबंधित आवश्यक स्वीकृतियां, ले-आउट अनुमोदन एवं विकास अनुज्ञा प्रस्तुत नहीं की गई। साथ ही शासकीय भूमि पर कच्ची सड़क, पुलिया एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने की भी पुष्टि हुई। एसडीएम न्यायालय ने मामले को मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 61-घ के तहत गंभीर मानते हुए पूर्व में जारी नोटिसों और सुनवाई के बावजूद संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कार्रवाई के आदेश दिए। पहले प्रकरण में जितेन्द्र उर्फ बुलेश्वर डहाके, अनीता राजेश टेम्भरे, अर्चना देवेन्द्र बोपेचे एवं सुनील वल्?द लोखिराम हनवत के विरुद्ध, जबकि दूसरे प्रकरण में दिलीप भैरम, जितेन्द्र वल्द बुलेश्वर, सोमेश्वर वल्द मोहनसिंह गोंड एवं इंदिरा जौजे उत्तमचंद कोठारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित हल्का पटवारी को आदेश का तत्काल पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में एफआईआर दर्ज कराने और उसकी प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसीलदार लालबर्रा को भविष्य में संबंधित व्यक्तियों द्वारा अवैध भू-खंडों के विक्रय या निर्माण की सूचना मिलते ही तत्काल न्यायालय को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं।

समाज में नशा मुक्ति की अलख जगाने हेतु आजीविका मिशन

नवभारत, बालाघाट। मातृधाम मॉडल संकुल स्तरीय संगठन द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग की पूरी टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही एनआरएलएम से बीएम सुनील सिंह परस्ते, एबीएम विनोद खांडेकर, मातृधाम संकुल स्तरीय संगठन की प्रबंधक ममता चौहान, कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन सुकवंता पंचेश्वर, सीएलएफ पदाधिकारी मंजु बीसेन, सविता पटले, राखी सूर्या, एमआईएस पर्सन माधुरी पंचेश्वर, लेखपाल सविता बीसेन तथा 24 ग्रामों से ग्राम संगठन की पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

पुलिस विभाग द्वारा इस जनजागरूकता अभियान में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए पूर्ण सहयोग दिया गया।

वन्यजीव और बाघों के संरक्षण हेतु वृहद कार्यक्रम आयोजित

नवभारत, बालाघाट। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर श्री गौरव चौधरी वन संरक्षक बालाघाट , श्री निथ्यानंदम एल वनमंडल अधिकारी , दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के मार्गदर्शन एंव श्री गणेश उइके उप वनमंडल अधिकारी बालाघाट सामान्य के नेतृत्व में, दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण और बाघों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

वन परिक्षेत्र के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में विद्यार्थियों के लिए वन्यजीव संरक्षण पर आधारित वाद-विवाद, निबंध लेखन, और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को बाघ संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेकाडी में विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा संकल्प शपथ ली गई । जिसके बाद क्षेत्र में एक विशाल पर्यावरण व बाघ जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अतिरिक्त, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, रंगोली और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बाघों के महत्व को अपनी कला और शब्दों में उकेरा।

वन्यप्राणियों और वनों की सुरक्षा में जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वन सुरक्षा समिति कटंगी बोरी, रट्टा, और धनसुआ में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर बाघों के संरक्षण और वनों की सुरक्षा पर रणनीति तैयार की। वहीं, वन सुरक्षा समिति जरेरा में बैठक के साथ-साथ ग्रामीणों और वन अमले द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें नारों और पोस्टरों के जरिए वन्यजीव-मानव द्वंद्व को कम करने और बाघों के प्राकृतिक आवास को बचाने का संदेश दिया !

हिमांशू राय वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट सामान्य ने बताया के इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी और ग्रामीण समुदायों को बाघ संरक्षण की मुख्यधारा से जोड़ना है ताकि इस अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। सभी आयोजनों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के मैदानी अमले, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

फोर्टिफाइड चावल का काला खेल, एफसीआई से एथेनॉल प्लांट तक की सप्लाई चेन पर बड़े सवाल

नवभारत, बालाघाट। सरकारी चावल की कथित हेराफेरी को लेकर मध्यप्रदेश में चल रही जांच के बीच अब फोर्टिफाइड चावल की बिक्री और उसके इस्तेमाल को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भारत सरकार के फूड कमिश्नर विश्वजीत हलधर से हुई चर्चा के अनुसार, खाने योग्य फोर्टिफाइड चावल को खुले बाजार में एथेनॉल कंपनियों को नहीं बेचा जा सकता। उनके अनुसार एथेनॉल उत्पादन के लिए केवल सरप्लस और पुराना चावल ही उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यदि खाने योग्य फोर्टिफाइड चावल एथेनॉल कंपनियों को नहीं बेचा जाना चाहिए, तो फिर सरकारी चावल की खेप एथेनॉल प्लांट तक पहुंचने के बजाय कथित तौर पर रास्ते में राइस मिलों तक कैसे पहुंची ?

बालाघाट जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जाता है। विशेष रूप से कुपोषण प्रभावित क्षेत्रों में इस चावल को पोषण सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। फोर्टिफाइड चावल में आवश्यक पोषक तत्व, विटामिन और खनिज मिलाए जाते हैं, ताकि इसके सेवन से कुपोषण के प्रभाव को कम किया जा सके।

यही वजह है कि सरकारी चावल की आपूर्ति, भंडारण और वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कथित हेराफेरी को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

युवक पर चाकू से हमला दो पर मामला दर्ज

नवभारत, जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी स्थित एकता मार्केट में बीती रात पान ठेले पर डिस्पोजल ग्लास के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। आरोपी शिवम यादव और मयंक विश्वकर्मा ने ग्राम सिलुआ निवासी सुनील बर्मन (20) और उसके साथियों के साथ मारपीट की। इस दौरान मयंक विश्वकर्मा ने जान से मारने की नीयत से सुनील के पेट में चाकू मार दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व एवं गुरु पूर्णिमा पर एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

नवभारत,खैरलांजी। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व एवं गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के आदर्शों का स्मरण करते हुए गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता विकसित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री नीरज सिंह ठाकुर एवं उपस्थित मान्यगण द्वारा महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने महर्षि सांदीपनि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा भगवान श्रीकृष्ण, बलराम एवं सुदामा जैसे महान शिष्यों को प्रदान किए गए ज्ञान, संस्कार एवं आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु के प्रति श्रद्धा, अनुशासन, सेवा एवं समर्पण की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।इसी क्रम में 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में लगभग 50 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के सम्मान में पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार गुरु जीवन को ज्ञान, संस्कार एवं सही दिशा प्रदान करते हैं, उसी प्रकार वृक्ष मानव जीवन को प्राणवायु, हरियाली एवं पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए गुरु सम्मान और प्रकृति संरक्षण दोनों ही भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं।

इस अवसर पर श्री बाबू लाल मसखरे (सेवानिवृत्त शिक्षक), श्री सुरेन्द्र उपवंशी (किन्हीं सरपंच), श्री सोहन सोनवाने (सेवानिवृत्त शिक्षक) एवं श्री रूपचन्द्र गौतम (पण्डित जी, नवेगांव) विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अब्दुस एस. के. शमीम प्राध्यापक रसायन शास्त्र), डॉ. अशोक टेंभुरने, डॉ. विवेक खरगाल , श्री रोहित कुमार पांडे, श्री अमर सिंह गोंड , श्री वीरेंद्र कुमार पटले, तथा कर्मचारी गण श्री विक्रांत रंधावा, सुश्री पल्लवी, सुश्री शिखा, दिनेश बनोटे, कमल सिंह मरस्कोले, श्रीमती प्रियंका आकाश लिल्हारे ,उषा राउत ,आदि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में सभी ने महर्षि सांदीपनि के आदर्शों का अनुसरण करने, गुरुजनों के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रतिभा राजपूत और डॉ मनीष डोंगरे द्वारा किया गया तथा आभार शालिनी मेश्राम द्वारा किया गया।यह कार्यक्रम गुरु-शिष्य परंपरा के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

नेशनल प्लेयर से झपटा मोबाइल

जबलपुर। माढोताल थाना अंतर्गत दीनदयाल के पास बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर नेशनल प्लेयर से मोबाइल झपट लिया और भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम अनुज रत्न प्रभा 34 वर्ष निवासी ब्रम्हऋषि कालोनी ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शूटिग में नेशनल प्लेयर हैं। दोपहर लगभग 3-15 बजे देहरादून से बस से दीनदयाल बस स्टेण्ड आया बस से उतरकर पैदल दमोहनाका की तरफ अपने मोबाइल से बात करते हुये जा रहा था दीनदयाल के आगे पहुंचा तभी पीछे से काले रंग की मोटर सायकल में सवार तीन लड़के आये बीच में बैठे लड़के ने कैप पहनी हुयी थी जिसने उसका मोबाइल इपटा मारकर तीनों दमोहनाका तरफ तेजी से मोटर सायकल से भाग गये।

4 कट्टा, 2 कारतूस के साथ तस्कर गिरफ्तार

ज्वालामुखी तक जुड़ा नेटवर्क

नवभारत, जबलपुर। सिहोरा पुलिस ने सिलौड़ी रोड पर घेराबंदी कर एक शातिर बदमाश को दबोचा है, जिसके कब्जे से 4 देशी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस जब्त हुए हैं। अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त का नेटवर्क ज्वालामुखी तक जुड़ा हुआ है। पुलिस अब मुख्य सप्लायर की तलाश कर रही है।थाना प्रभारी सिहोरा, प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि हड़हा मोहल्ला निवासी भानू तिवारी नाम का युवक मामे दा ढाबा के पीछे किसी अज्ञात खरीदार को देशी कट्टे की डिलीवरी देने की बात कर रहा था। इस इनपुट पर तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मामे दा ढाबा के आगे, मुरूम खदान के पास सिलौड़ी रोड पर दबिश दी। तभी ।पुलिस की गाड़ियों को देखते ही भागने का प्रयास कर रहे भानू तिवारी (29), निवासी वार्ड नंबर 1, हड़हा मोहल्ला, सिहोरा को चारों तरफ से घेराबंदी कर दबोच लिया गया।

पुलिस ने जब वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसके हाथ में मौजूद कत्थाई थैले की तलाशी ली, तो पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। थैले के अंदर कागजों में लपेटकर रखे गए 4 अवैध देशी कट्टे और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने हथियारों को तुरंत जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बाजार में बेचने के लिए सप्लाई किए थे हथियार- आरोपी भानू तिवारी से जब हथियारों के स्रोत को लेकर सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया। आरोपी ने कुबूल किया कि ये सभी देशी कट्टे और कारतूस उसे ज्वालामुखी निवासी स्वयं चौबे ने बाजार में बेचने के लिए सप्लाई किए थे। इस खुलासे के बाद सिहोरा पुलिस ने मुख्य आरोपी स्वयं चौबे की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस का दावा है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हो सकता है।